# कुलपति कार्यालय
**जामिया मिल्लिया इस्लामिया**

19 मार्च 2020

**छात्रों के नाम जामिया मिल्लिया इस्लामिया की कुलपति का संदेश**

प्रिय छात्रों,
अभिवादन,

सबसे पहले मैं आप सबके े स्वस्थ और सुरक्षित जीवन की कामना करती हूं। यह बताने की ज़रूरत नहीं है कि सतत प्रयासों से पाई गई सेहत, एक गुणात्मक जीवन की कुंजी है जो हमें एक खुशनुमा ज़िन्दगी जीना मुय्यसर कराती है। ख़तरनाक वायरसों और गंभीर बीमारियों से बचने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण एहतियाती क़दम, स्वस्थ आदतें और गतिविधियों में सलंग्न होना ज़रूरी है। आप ख़ुदा की अव्वल और सर्वोत्तम रचना हैं। बेहतर शारीरिक, नैतिक और भावशील ज़िन्दगी जीने के लिए क्या करना है क्या नहीं करना है, इसका आप एहतियात बरत सकते हैं। आपको सख़्त हिदायत दी जाती है कि स्वास्थ्य कारणों से आप लोग एक समूह में एक जगह एकत्र ना हों। बेहतर है कि आप सब अपने घरों में रहें। अपने माता पिता और अभिभावकों का साथ पाकर आपका शरीर, मन और आत्मा सब प्रफुल्लित रहेगा। आपको यह सलाह भी दी जाती है आप लोग इस घातक बीमारी से बचने के लिए बाहर नहीं निकलें और न ही लोगों के बीच जाएं। इस बात के इमकान हैं कि विश्वविद्यालय को बंद करने की मियाद बढ़ाई जा सकती है।

ख़तरनाक कोरोना वायरस महामारी के फैलने के कारण जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रशासन ने कक्षाएं पहले ही स्थगित करदी हैं। आपके प्रति संवेदनाओं के चलते, आपके अध्यापक ईमेल, व्हाट्सअप और अन्य माध्यमों के ज़रिए आपसे संपर्क बनाए हुए हैं, ताकि आपकी पढ़ाई में कोई अड़चन नहीं आए। लक्ष्य हासिल करने के लिए अपने अध्यापकों के साथ आपका रचनात्मक संपर्क आप सबकी सहयोगात्मक कार्य करने की कला को निखारेगा। मुझे भरोसा है कि इससे आपके  भीतर के गुण और ज़्यादा उभर कर सामने आएंगे। मैं जानती हूं कि आपकी क्षमताएं, ज्ञान और विवेक मिलकर अद्‌भुत नतीजे सामने लाएंगे। अपने जीवन के प्रति आपका सामाजिक और भावनात्मक कौशल, आपका पक्का इरादा आपकी ज़िन्दगी और तरक़्क़ी को निश्चित तौर पर आगे बढ़ाएगा। इससे जामिया मिल्लिया इस्लामिया परिसर में प्रेम और सम्मान का माहौला और ज़्यादा मज़बूत होगा।

आप अपने जीवन के सर्वश्रेष्ठ चरण में हैं, आपका शरीर स्वस्थ और मन साफ़ है। आपको अपनी क्षमताओं पर भरोसा करते हुए अपनी प्रतिस्पर्धी क्षमता और कौशल को तेज करना होगा। एक नए उत्साह के साथ अपने सपनों को पाने की कोशिश करें। आप निश्चित रूप से उपलब्धियों और सफलता के प्रतीक के रूप में उभरेंगे। आपके जीवन का प्रत्येक दिन संकल्प का दिन है। संकल्प लें कि आप हमेशा साहसिक, जिज्ञासु, आशावादी और प्रगतिशील रहेंगे। लगातार कोशिशें करते रहने के ज़रिए प्राप्त करने लायक सब कुछ पाया जा सकता है। भाग्य से मिले उपहारों की तुलना में मेहनत से मिला फल अधिक स्वादिष्ट होता है। आपसे उन लोगों में गिने जाने की उम्मीद की जाती है कुछ कर गुज़रने के जज़्बे को जीवन का अभिन्न और रचनात्मक हिस्सा मानते हैं। सर्वश्रेष्ठ पाने की दौड़ में बने रहिए।

भारत के एक आदर्श नागरिक के रूप में, आपके पास अपने राष्ट्र और इसके लोगों के प्रति बहुत सारी ज़िम्मेदारियां हैं। घातक कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अपने ठोस प्रयासों में देश की मदद करना आपका कर्तव्य है। समय-समय पर जारी सलाह-पत्रों का अनुसरण करने का मैं आपसे आग्रह करती हूं। हमारे मुल्क को घातक कोरोना वायरस की जंग में विजयी होना है।

आपको बहुत शुभकामनाएं

**(प्रो नजमा अख़्तर)**
कुलपति, जामिया मिल्लिया इस्लामिया